।। प्रखण्ड अध्यापक शिक्षा संस्थान (बाईट), माधोपट्टी, दरभंगा।।

प्रमाण पत्र सत्यापन –सह–नामांकन सूचना

सेवा पूर्व डी0एल0एड0 प्रशिक्षण सत्र 2024–26 के निर्धारित 200 सीटों के विरूद्ध चयन सूची संस्थान के वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है। नामांकन हेतु अभ्यर्थियों का चयन उनके नामांकन के पात्रता का द्योतक है नामांकन की अनिवार्यता का नहीं। चयनित अभ्यर्थी दिनांक 18.07.2024 से 23.07.2024 तक प्रातः 10.00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निम्न अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ संस्थान में नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक नामांकन नही होने की स्थिति में अभ्यर्थी का नामांकन–दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा। नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थी के **प्रिंट आवेदन पत्र के प्रविष्टियों** का उनके मूल–प्रमाण पत्रों से सत्यापन के उपरान्त होगा उन्हें नामांकन शुल्क का भुगतान SBI COLLECT के माध्यम से कराना होगा। शुल्क के भुगतान के बाद ही उनके नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

नामांकन के समय निम्न मूल प्रमाण–पत्रों एवं शर्तो के साथ उपस्थित होगें –

1 डाउनलोड एवं प्रिंट किये गये सूचना पत्र (Intimation letter)
2 Commom Application Form का प्रिंट आउट।
3 मैट्रिक परीक्षा पास करने का मूल प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र।
4 इंटर परीक्षा का मूल अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र।
5 प्रवजन प्रमाण पत्र।
6 आवासीय प्रमाण पत्र का मूल प्रति (एक वर्ष से अधिक पुराना न हों)
7 आरक्षित कोटि एवं विशेष आवश्यकता वाले अभ्यर्थी सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति/विकलांगता प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
8 अंतिम शिक्षण संस्थान से निर्गत महाविद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र।(मूल प्रति)
9 आचरण प्रमाण पत्र (अंतिम शिक्षण संस्थान से)
10 शिक्षण शुल्क के रूप में सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी 11500/– (ग्यारह हजार पाँच सौ रूपये) एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी 7000/–(सात हजार रूपये) एवं slide up शुल्क 3000/– (तीन हजार रूपये मात्र) का भुगतान SBI COLLECT, के द्वारा किया जाना हैं।
11 पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आईडी) की छाया प्रति।
12 सभी मूल प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति का दो सेट, पाँच पासपोर्ट साईज फोटो एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र एवं अभिलेख दो फाईल फोल्डर में जमा करेंगे।
13 सत्यापन के क्रम में या उसके बाद प्रमाण पत्रों में फर्जी पाये जाने की स्थिति में नामांकन के दावे को रद्द करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
14 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन शुल्क के रूप में जमा की गयी राशि किसी भी स्थिति में वापस नही की जाएगी।
15 स्वघोषणा–पत्र।
16 उपर्युक्त सभी शर्तो को पूरा करने पर आपका नामांकन औंपबंधिक रूप से किया जाएगा।

नोट– महाविद्यालय **परित्याग प्रमाण–पत्र** के साथ सभी मूल प्रमाण–पत्र नामांकन के समय लाना अनिवार्य है। विज्ञान तथा कला/वाणिज्य विषय के सीट के विरूद्ध नामांकन हेतु किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय अवधि में संस्थान कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार
प्राचार्य
प्रखण्ड अध्यापक शिक्षा,संस्थान
(बाईट), माधोपट्टी, दरभंगा।

।। प्रखण्ड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बाईट), माधोपट्टी, दरभंगा।।

आवश्यक सूचना

संस्थान की बेवसाईट पर पूर्व में अपलोड किए गए शपथ पत्र के प्रारूप में निम्नांकित दो बिन्दुओं को निष्चित रूप से शामिल करने के पश्चात् ही शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे –

1. मैनें प्रस्तुत विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र का उपयोग अन्य स्थानों पर नामांकन हेतु नहीं किया है।
2. नामांकन के समय प्रस्तुत किये जाने वाले विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र में उल्लिखित तिथि के पश्चात् मैं किसी शैक्षणिक संस्थान में अध्ययनरत नहीं हूँ।

आदेशानुसार
प्राचार्य
प्रखण्ड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(बाईट), माधोपट्टी, दरभंगा।